राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# माउंट आबू राजभवन में तेलंगाना स्थापना दिवस आयोजित

## सांस्कृतिक निकटता के लिए आपसी मेल–जोल जरूरी – राज्यपाल

जयपुर/ माउंट आबू, 2 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजभवन में तेलंगाना मूल के लोगों से संवाद किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत विविधता में एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से राजभवन स्तर पर राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की पहल की गई है। उन्होंने तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि आज ही के दिन वर्ष 2014 में तेलंगाना राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था, इस दृष्टि से यह देश का सबसे युवा राज्य है।

राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों में भाषाई, रहन–सहन, खान–पान की विविधता के बाद भी हमारे यहां एकता का भाव है । इसी से पसमरसता का निर्माण होता है। उन्होंने सांस्कृतिक निकटता के लिए आपसी मेल–जोल को जरूरी बताते आह्वान किया कि दूसरे राज्य के मूल निवासी अन्य राज्यों में प्रवास करते समय स्थानीय कार्यक्रमों में भागीदारी रखें और स्थानीय लोगों को भी अपनी संस्कृति से परिचित कराएं। राज्यपाल ने उपस्थित लोगों से एक– एक कर परिचय प्राप्त किया तथा उनसे संवाद कर उनके कार्य एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। तेलंगाना के मूल निवासी श्री एम. श्रीनिवास ने कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया ।

इस अवसर पर सिरोही के जिला कलक्टर डॉ. भंवर लाल, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, माउंट आबू के उपखंड अधिकारी श्री सिद्धार्थ पलानिचामी एस. सहित तेलंगाना के मूल निवासी उपस्थित रहे।

————

# राज्यपाल ने जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक से किया संवाद

## स्थानीय स्तर पर समन्वय रखते हुए हों विकास कार्य – राज्यपाल

जयपुर/माउंट आबू, 2 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखते हुए माउंट आबू के विकास के लिए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने माउंट आबू से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं के बारे में भी शुक्रवार को अधिकारियों को बुलाकर उनसे चर्चा की।

राज्यपाल ने जिला कलक्टर डॉ. भंवर लाल से जिले में चल रहे विकास कार्यों, विभिन्न परियोजनाओं, आदिवासी क्षेत्रों के विकास आदि के बारे में चर्चा की। उन्होंने जिला कलेक्टर से माउंट आबू के पर्यटन विकास के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता से संवाद कर स्थानीय स्तर पर यातायात, कानून व्यवस्था, प्रशासन आदि के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर समन्वय रखते हुए इस प्रकार से प्रयास किया जाए कि माउंट आबू के विकास के साथ ही यहां का पर्यावरण भी संरक्षित रहे।

——